दिनांक-30जनवरी2020

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने की दिशा में एक और नया कदम , बर्तन बैंक की हुई स्थापना ,महापौर देवेंद्र यादव ने किया शुभारंभ

नगर पालिक निगम भिलाई प्रतिबंधित प्लास्टिक, डिस्पोजल गिलास, पानी पाउच, पॉलिथीन के विक्रय एवं उपयोग पर सतत निगरानी बनाए हुए हैं , उड़नदस्ता की टीम लगातार प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध कार्यवाही कर रही है! प्लास्टिक एवं पॉलीथिन एवं इनसे बने उत्पादों के उपयोग न करने के लिए इसका तरह-तरह का विकल्प निकाला जा रहा है, इसी के तहत आज वार्ड 31 दुर्गा मंदिर खुर्सीपार जोन क्रमांक 4 में बर्तन बैंक का शुभारंभ महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने किया , भिलाई मे अपनी तरह का यह पहला बर्तन बैंक होगा! प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने की दिशा में कार्य करते हुए जूट एवं कपड़ों का थैला भी बाजार क्षेत्रों में वितरण किया गया है, प्रचार प्रसार एवं जन जागरूकता के माध्यम से लोगों में प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग एवं विक्रय की हानि को समझाते हुए लगाम कसने कयावद जारी है!प्रतिबंधित प्लास्टिक, पॉलिथीन मुक्त शहर बनाने के लिए इसी कड़ी में एक और नई पहल की शुरुआत आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी के निर्देशन पर की गई है! महिलाओं के स्वरोजगार को बढ़ावा देने एरिया लेवल फेडरेशन (एएलएफ) को मिलने वाली आवर्ती निधि 50000 रुपए में से बर्तन की खरीदी कर अब स्वच्छता मे अपना योगदान दे रहे हैं, महिलाओं ने 50 थाली, 50 चम्मच, 50 कटोरी 50 बाल्टी, इसके अतिरिक्त गैस चूल्हा , कढ़ाई जैसे आवश्यक सामग्री का क्रय कर बर्तन बैंक की शुरुआत की है!

जनसंपर्क अधिकारी